भारत सरकार
योजना मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3477
दिनांक 17 मार्च, 2021 को उत्तर देने के लिए

नीति आयोग परिषद

3477. श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ:
श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:
श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:
श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी:
श्री असादुद्दीन ओवैसी

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली में हाल ही में नीति आयोग शासी परिषद की बैठक आयोजित हुई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्यों के कितने मुख्यमंत्रियों तथा उनके प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया था और कितने मुख्यमंत्रियों ने बैठक में भाग नहीं लिया था तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या अनेक मुख्यमंत्रियों ने बैठक में भाग नहीं लिया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(घ) जिन मुद्दों पर चर्चा की गई तथा जिन पर आम राय बनी उनका ब्यौरा क्या है तथा बैठक में क्या भावी योजनाएं तैयार की गई है; और

(ङ) क्या बैठक में इस बात पर जोर दिया गया है कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश सहित केन्द्र और राज्य रहने को आसान बनाना सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों के लिए अनुपालन संबंधी भार को कम करने के लिए काम करना चाहिए तथा व्यापार करना सुगम बनाने को प्रोत्साहन देना चाहिए एवं देश के विकास के लिए केन्द्र एवं राज्यों के बीच बेहतर समन्वय करने के महत्व पर बल दिया गया तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय
तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
(राव इंद्रजीत सिंह)

क) नीति आयोग की शासी परिषद की छठी बैठक 20 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई थी।

ख) और (ग): बैठक में 26 मुख्यमंत्रियों, 3 उप राज्यपालों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 2 प्रशासकों ने भाग लिया। गुजरात, पंजाब, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल राज्यों के मुख्यमंत्री बैठक में

शामिल नहीं हुए। बैठक में भाग न लेने के कारणों में अस्वस्थता, अन्य व्यवस्तताएं/पूर्व प्रतिबद्धताएं आदि शामिल हैं।

(घ) बैठक में निम्नलिखित एजेंडा मदों पर विस्तृत चर्चा की गई:-

i. भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाना,
ii. कृषि की पुनर्कल्पना,
iii. भौतिक अवसंरचना में सुधार,
iv. मानव संसाधन विकास में तीव्रता,
v. आधारिक स्तर पर सेवा प्रदायगी में सुधार, और
vi. स्वास्थ्य और पोषण

विचार-विमर्श में इन एजेंडा मदों पर विशिष्ट सुझावों के साथ-साथ संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उजागर की गई उपलब्धियां शामिल थीं।

(ङ) बैठक में केन्द्र और राज्यों द्वारा नागरिकों का जीवन यापन आसान बनाने और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के माध्यम से लोगों के सशक्तिकरण और व्यापारिक सुगमता में सुधार लाने हेतु अनुपालन के भार को कम करने की दिशा में उपाय करने पर जोर दिया गया । बैठक में नीतिगत ढांचों के महत्व और राष्ट्रीय विकास एजेंडे को पूरा करने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय पर भी प्रकाश डाला गया।

******